यूनियन बैंक ऑफ इंडिया आईबीएसआई ग्लोबल फिनटेक इनोवेशन अवार्ड, 2023 से सम्मानित

मुंबई, 11 दिसंबर, 2023: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बैंक की संवादात्मक बैंकिंग पहल - यूनियन वर्चुअल कनेक्ट (यूवीकॉन) - बैंक का व्हाट्सएप बैंकिंग चैनल एवं यूनियन वॉयस असिस्टेंट (यूवीए) - बैंक का वॉयस बैंकिंग चैनल के लिए "सर्वश्रेष्ठ डिजिटल चैनल/प्लेटफ़ॉर्म कार्यान्वयन" श्रेणी के तहत इंटरनेशनल बैंकिंग सिस्टम इंटेलिजेंस (आईबीएसआई) ग्लोबल फिनटेक इनोवेशन अवार्ड, 2023 से सम्मानित किया गया है. यह 49 देशों के 106 बैंकों से 250 से अधिक नामांकन प्राप्त करने वाला पुरस्कार बैंकिंग प्रौद्योगिकी कार्यान्वयन और उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके नवाचारों के माध्यम से प्रभाव डालने में उनकी उत्कृष्टता के लिए वित्तीय संस्थानों एवं प्रौद्योगिकी खिलाड़ियों को सम्मानित करता है.

इस सम्मान पर, श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कहा, "बैंक की संवादात्मक बैंकिंग पहल ग्राहक सेवा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है. यह पुरस्कार बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने हेतु बैंक के निरंतर समर्पण को दर्शाता है."

श्री अनिल कुरील, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि "यूवीकॉन और यूवीए बैंकिंग को समावेशी एवं उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के बैंक के निरंतर प्रयासों का परिणाम हैं. यह सम्मान प्रौद्योगिकी के कार्यनीतिक कार्यान्वयन के माध्यम से बैंकिंग परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के हमारे प्रयासों को सत्यापित करती है." बैंक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और बैंकिंग में नए क्षितिज तलाशना जारी रखेगा, और भी अधिक नवीन और ग्राहक केंद्रित समाधान सामने लाएगा.''

यूवीकॉन बैंक के ग्राहकों को 7 अलग-अलग भाषाओं में खाता विवरण, जमा ब्याज प्रमाणपत्र, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड सेवाओं, फॉर्म 15 जी/एच, फॉर्म 16/16 ए आदि जमा करने सहित 40 से अधिक विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है. बैंक के व्हाट्सएप बिजनेस नंबर 9666606060 पर "Hi" भेजकर यूवीकॉन सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं.

अमेज़ॅन एलेक्सा पर लॉन्च किया गया यूवीए ग्राहकों को वॉयस कमांड के माध्यम से अपने घर से बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने का एक अभिनव तरीका प्रदान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण का उपयोग करता है. यूवीए के माध्यम से, बैंक अपने ग्राहकों को अपने नवीनतम ऑफ़र एवं योजनाओं के बारे में भी सूचित करता है. यूवीए उन दिव्यांग्जन ग्राहकों को लाभ पहुंचाता है जिन्हें पारंपरिक बैंकिंग चैनलों का उपयोग करना कठिन लगता है.

PRESS RELEASE

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रकाशित:
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली : 22892300 ; ईमेल : gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021

Classification: Internal

तस्वीर में बायें से दायें: श्री अजीत सावंत, इंफ़ोसिस, श्री अंचल कुमार शर्मा, मुख्य प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, श्री अनिल कुरील, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, श्री प्रीतम लोहिया, इंफ़ोसिस, श्री विप्लव बोहरा, सहायक महाप्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

****

PRESS RELE

Classification: Internal